St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –18)** **Date: 05.11.2020**
Topic: सूरज क्या सिखलाता है **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 सूरज क्या है ?

उ- सूरज एक सामान्य तारा है | यह सौरमंडल का केंद्र है | इसके चारों ओर पृथ्वी और अन्य ग्रह घूमते है | सूरज ऊर्जा का एक शक्तिशाली भंडार है | इससे निकली ऊर्जा का छोटा सा भाग ही पृथ्वी तक पहुँचता है|

2 पुत्र अपनी माँ से सूरज के बारे में क्या पूछता है ?

उ- पुत्र के मन में सूरज को जानने की इच्छा होती है | वह अपनी माँ से प्रश्न पूछता है | वह कहता है कि सूरज रात में कहाँ चला जाता है ? वह रात में किसी को दिखाई क्यों नहीं देता ? फिर वह सुबह कहाँ से आकाश में दिखाई देता है |

3 माँ अपने पुत्र के प्रश्नो का क्या जवाब देती है ?

उ- माँ अपने पुत्र को सूरज के बारे में समझाती है | वह कहती है कि सारा दिन चलते - चलते सूरज थक जाता है | वह रात में आराम करता है | जैसे सब लोग रात में आराम से सोते है | सुबह होते ही वह फिर से चमकता है और अपनी रोशनी फैलाता है |

4 सूर्य परिवार क्या है ?

उ- सूर्य तथा उसके चारों ओर घूमने वाले आकाशीय पिंडों के समूह को सौर-परिवार कहते है | सौर - परिवार में पृथ्वी सहित नौ गृह है | इसके अलावा उपग्रह , छोटे गृह , तारे और उटकाऐ भी सौर - परिवार के सदस्य हैं | सूर्य अपने इस परिवार के साथ अंतरिक्ष की परिक्रमा करता रहता है | ये सभी गृह सूर्य के गुरुत्वाकर्षण के कारण परिक्रमा करते रहते हैं |

Poonam Mehra